हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 नवंबर 2025

06 रबर पाथ निर्माण में मानकों की अनदेखी...



09 ये कैसा अस्पताल: मरीजों को खुद बाजार से...






## खबर संक्षेप



### बाबा काल भैरव जी का हुआ अभिषेक

**सागर।** भैरव जयंती के पावन अवसर पर हनुमान दुर्गा भैरव धाम मंदिर तहसीली मैं विराजमान बाबा काल भैरव भगवान का सुबह 7:00 बजे मंदिर की पुजारी एवं सीताराम बैंक जिला सागर तहसीली के बैंक मैनेजर पंडित गोपाल प्रसाद शर्मा द्वारा भक्तों की मौजूदगी में भव्य अभिषेक एवं श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। उक्त जानकारी देते हुए पं श्री बृजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अभिषेक के उपरांत शर्मा के द्वारा भैरव आरती एवं प्रसादी वितरित की गई। तत्पश्चात दोपहर 12:00 बजे से हवन प्रारंभ हुआ जो 2:00 बजे तक चला जिसमें शर्मा ने पूर्ण मंत्र उच्चारण के साथ श्री भैरव बाबा जी के नाम की 1008 आहुति उपस्थित समस्त भक्त गणो से अग्नि में अर्पित करवाई । इस अवसर पर जय श्री सीताराम, हर हर महादेव, भैरव बाबा की जय की जय कारों के साथ बड़ी धूमधाम सी भैरव जयंती मनाई गई । इस अवसर पर अर्चना पंडित, बृजेश द्विवेदी, नमन द्विवेदी, बद्री प्रसाद मिश्रा, अंशुल सेन, राधा शर्मा, रोहिणी, कमला चडार ,राम रतन तिवारी पीपरा, दयाराम विश्वकर्मा, अरविन्द चौबे, कमलकान्त मिश्रा, सुमित मिश्रा, राहुल विश्वकर्मा, अजय खरे, अखिलेश शुक्ला, रोहित मिश्रा, बाई के नामदेव उपस्थित रहे।

### जलकर की नई दरें लागू करने हेतु आदेश जारी किये

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने निगम परिषद साधारण सम्मिलन 27.09.2025 में लिये गये निर्णय के परिपालन में नगर निगम क्षेत्र के समस्त जलकर उपभोक्ताओं के लिये जलकर की दरों में 01 नवम्बर से प्रभावशील दरें लागू करने के आदेश जारी किये है। जिसमें घरेलू कनेक्शन 1/2 इंच साईज सामान्य वर्ग हेतु रू. 200, अनु.जा.वर्ग के लिये रू. 125, 3/4 इंच साईज सभी वर्गो के लिये रू. 1180, 1 इंच साईज रू. 2100, इसके अलावा व्यवसायिक नल कनेक्शन सभी वर्गो के लिये 1/2 इंच साईज रू. 1050, 3/4 इंच साईज रू. 2360, 01 इंच साईज रू. 4200 एवं बल्क सप्लायी रू. 15 प्रति हजार लीटर। उपरोक्त दरों में प्रत्येक 2 वर्ष में 5 प्रतिशत की जलकर की वृध्दि की जावेगी। निगमायुक्त ने आदेश में जलप्रदाय शाखा एवं राजस्व अधिकारी को निर्देश दिये है कि निगम परिषद में लिये गये निर्णय अनुसार 1 नवम्बर 2025 से बढ़ी हुई दरों अनुसार बिल जारी कर वसूली की जावे तथा मांग पंजी में मांग संशोधित की जावे।

### जनजाति गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को

**सागर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष पर जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 15 नवम्बर को विकास खंड मुख्यालय केसली में आयोजित किया जाएगा। 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12 बजे से गुजरात के जिला नर्मदा से एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सजीव प्रसारण के माध्यम से जुड़ेंग। इसी प्रकार कार्यक्रम में मंत्री सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिए कि संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था समुचित रूप से सुनिश्चित की जावे साथ ही सजीव प्रसारण को देखने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का समय ऐसा रखा जाये कि दोपहर 12 बजे उपस्थित जनसमूह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देख सके।

### राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने सफाई कामगारों की समस्याओं को लेकर ली आवश्यक बैठक

# अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएः अध्यक्ष करोसिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अंशकालीन सफाई कर्मियों का भी पीएफ की राशि कटौती की जाए एवं अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाए। उक्त निर्देश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने सफाई कामगारों की समस्याओं को लेकर सागर में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए। इस अवसर पर मधु वाल्मीकि, विष्णु भारती, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन राजीव श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी नगरीय प्रशासन सचिन मसीह सहित समस्त नगरीय निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अन्य विभागों के अधिकारी एवं सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके निराकरण को लेकर मध्यप्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। करोसिया ने सफाई कामगारों के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से कहा कि नियमित सफाई कामगारों के निधन पर अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया सरल की जाए तथा शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। इसके साथ ही सफाई कामगारों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। इसके साथ ही मृतकों के परिजनों को क्या-क्या सुविधाएं शासन के नियमों के अनुसार दी जा रही हैं, उसकी जानकारी ली।



उन्होंने कहा कि सीवर सफाई एवं सीवर लाइन जैसे कार्य पूर्ण सुरक्षा उपकरणों के साथ ही सफाई कर्मचारियों से कराए जाएं। साथ ही सफाई मित्रों की सुरक्षा के लिए सभी उचित प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम सहित अस्पतालों में सफाई कार्य के लिए ठेका प्रथा को खत्म करने के निर्देश दिए। सफाई कर्मचारियों के लिए शहर में किसी अच्छे स्थल पर बड़ा एवं अत्याधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए। अति पिछड़े लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए लोन मेले लगाए जाएं। इसके साथ ही कार्यरत सफाई श्रमिकों का ईपीएफ नियमित जमा हो तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कामगारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं।उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग की छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों को समय-समय पर पुरस्कार भी प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर योजना, रविदास योजना एवं वाल्मीकि योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसके लिए जिले से अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों को चयनित कर सम्मानित कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तियों के विकास की विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए, साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति बहुल क्षेत्रों में सामुदायिक भवन, मंगल भवन का निर्माण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अंतरजातीय विवाह योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए, साथ ही श्रम विभाग के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएं, जिनमें अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के युवाओं को मौका प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के छात्रावासों में आवश्यक एवं पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनके वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जाए एवं आवश्यकताओं को पूरा किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे, श्रम अधिकारी ज्योति पांडे, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, कैंट के स्वास्थ्य अधिकारी संदीप छाबड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### नगर पालिका परिषद रहली के नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य हुआ शुरू

**रहली।** बहुप्रतीक्षित नगर पालिका परिषद के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य बुधवार से प्रारंभ हो गया हे। नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के बाजू में स्वीकृत भूमि पर भूमिपूजन और मशीनों का पूजन कर निर्माण कार्य का प्रारम्भ करवाया। 300 लाख की लागत से निर्मित इस भवन को आधुनिक रूप से निर्माण और सुसज्जित किया जाएगा। इंजीनियर शिवराम साहू ने नक्शा अनुसार ले आउट डलवाया। इस अवसर पर पार्षदगण, संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार, कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कथा व्यास महामंडलेश्वर भगवतानंद जी महाराज ने श्री राम जी के विवाह के विभिन्न प्रसंग सुनाए

**रहली।** रहली में चल रही राम कथा में कथा व्यास महामंडलेश्वर भगवतानंद जी महाराज ने श्री राम जी के विवाह के विभिन्न प्रसंग सुनाए उन्होंने बताया कि जब जनक जी की निराशा भरी वाणी सुनकर लक्ष्मण जी को क्रोध आया और जैसे ही वे अपने आसन से उठे तो धरती डोलने लगी और दिग्गज कांपने लगे। लक्ष्मण जी ने जनक जी को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीर्ण शीर्ण धनुष तो क्या है मैं पूरे ब्रह्मांड को भी उठाकर पटक सकता हूं ।तब राम जी ने लक्ष्मण जी को प्रेम पूर्वक बुलाकर आसन पर बैठाया ,बाजू में ही बैठे विश्वामित्र मुनि ने धनुष भंग होने का समय शुभ जानकर राम जी से कहा राम जी उठो और धनुष उठाकर जनक जी के दुख को दूर कर प्रतिज्ञा पूरी करवाओ। गुरु आज्ञा सुनकर भगवान श्री राम उठे तो तुलसी बाबा ने लिखा है कीर सहज ही चले सकल जग स्वामीर भगवान राम को देखकर सभी राजा मोहित हो गए और राम जी ने पलक झपकते ही धनुष को उठाकर तोड़ दिया चारों ओर जय जयकार हुई धनुष टूटते ही जनक जी की आज्ञा से सीता जी ने आकर वरमाला श्री राम जी के गले में पहनाई। कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए कथा व्यास ने कहा कि जब राम जी धनुष तोड़ने जाने लगे तो वहां बैठे 10000 राजाओं में बातचीत होने लगी की फूलों से बालक कैसे धनुष उठाएंगे, कथा व्यास ने कहा कि राष्ट्र समाज धर्म और स्वयं के कल्याण के लिए भगवान से जुड़कर आगे बढ़ो, लोग तो कुछ ना कुछ बोलेंगे ही, उन्हें बोलने दो तुम अपना काम करते चलो। एक दिन मंजिल मिलकर रहेगी, रास्ते में विचलित नहीं होना एक दिन ऐसा आएगा की यही ताने मारने वाले लोग आपका सम्मान करेंगे। कथा व्यास ने कहा कि विधर्मी लोगों के द्वारा की जा रही घटनाओं के कारण ही देश में सनातन धर्म को संगठित करने के लिए यात्राएं निकाल रही हैं ,ताकि विधर्मी लोगों को पता चल सके कि यदि एक संत के कहने से लाखों लोग पदयात्रा में शामिल हो सकते हैं तो यह अपनी और देश की सुरक्षा के लिए तलवार भी उठा सकते हैं कथा विश्राम पर भव्य आरती संपन्न हुई । इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक भार्गव, गढ़ाकोटा नगर पालिका अध्यक्ष मनोज तिवारी, राजेंद्र जारोलिया, सुरेश राठौड़ राजकुमार ठाकुर, विवेक शुक्ला, गुड्डन मासाब सहित हजारों लोग रामायण का श्रवण करने पहुंचे।



### छिन्दवाड़ा में भारतीय स्त्रीशक्ति का प्रवास सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति के पांच आयाम शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वालम्बन, आत्म सम्मान एवं स्वबोध के विषय से अवगत कराने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने छिन्दवाड़ा में प्रवास किया। प्रवास में आपके द्वारा सर्वप्रथन सरस्वती शिशु मन्दिर शिवनगर में आपने महिला स्वास्थ्य का विषय रखकर महिलाओ में स्वास्थ्य के प्रति जगरुक रहने और घरेलू उत्पाद की औषद्यीय गुणों से परिचित कराया। जहाँ कल्पना वर्मा ने सहज ही कार्य करने का प्रस्ताव रखा। प्रियदर्शनी महाविद्यालय छिन्दवाडा में छात्राओं को सम्बोधित किया वहाँ आपका विषय आर्थिक स्वावलम्बन से छात्राओं को अवगत कराया। प्राचार्य डॉ के जोमिनी, सुश्री माला सिन्नरकर, लीन पवार से सम्पर्क हुआ। विश्वविद्यालय राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिन्दवाड़ा के कुलगुरु डॉ इन्द्रपति त्रिपाठी से भारतीय स्त्रीशक्ति के उद्देश्य पर चर्चा हुई।सरस्वती शिशु मन्दिर संकट मोचन में प्राचार्य एवं दीदीयों से प्रवास के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर संघ कार्यालय के विभाग प्रचारक लखन और नगर प्रचारक रवि से सम्पर्क हुआ व उन्हें भारतीय स्त्रा शक्ति के आयामों से अवगत कराया गया। इस प्रवास में सहयोगी कार्यकर्ता शैलबाला बैरागी नगर अध्यक्ष-जबलपुर, डॉ ममता सिंह-सागर, मनीष रहंगडाले-कटंगी का साथ रहा। माधुरी, निधि, माला करौंजिया, नीलू शुक्ला, शिखा से भी सुम्पर्क हुआ। रात्री विश्राम बालाघाट के कटंगी में हुआ। सभी का सहयोग और प्रेमपूर्ण व्यवहार प्रवास का उद्देश्य को सफल करता रहा।

## धनौरा, सुमरेरी, बरौदिया नौनागिर में 59.27 लाख की लागत के सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विकासखंड के ग्राम धनौरा, सुमरेरी और बरौदिया नौनागिर में कुल 59.27 लाख रूपये लागत के सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें ग्राम धनोरा में 19.62 लाख 62 रुपये, ग्राम सुमरेरी में 19.76 लाख तथा ग्राम बरौदिया नौनागिर में 19.89 लाख रूपये लागत के सुदूर सड़क निर्माण शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह सड़कें ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सौगात हैं, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। ग्राम धनौरा, सुमरेरी और बरौदिया नौनागिर में सड़क निर्माण के अलावा अन्य विकास कार्य भी पूर्ण किए गए हैं, जिनमें हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत भवन, स्वास्थ्य भवन, शासकीय विद्यालय की बाउंड्री वॉल, और सामुदायिक भवन का निर्माण शामिल हैं। पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में खुरई विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे क्षेत्र का कोई भी हिस्सा अब दुर्गम नहीं रहा।




सरोज सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि बच्चे उच्च पदों तक पहुंच सकें। इसके अतिरिक्त, दूरदराज से आने वाले बच्चों के लिए साइकिल वितरण योजना भी चलाई जा रही है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत बहनों को हर महीने आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे बच्चों की फीस और अन्य जरूरतें स्वयं पूरी कर रही हैं। पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने बेटियों की शादी के लिए भी विशेष पहल की है। वे क्षेत्र की बेटियों को अपनी बेटी मानकर उनकी शादी करवा रहे हैं। इसके अलावा सीएम राइज स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, उप-स्वास्थ्य केंद्र जैसे विकास कार्यों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।

ग्रामीणों ने खुरई विधान सभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास के लिये पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए क्षेत्र में और विकास कार्यों की मांग की। सरोज भूपेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी मांगें शीघ्र पूरी की जाएंगी।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, राजपाल सिंह, नंदकिशोर विनायक, राजेंद्र सिंह, अनिल सेंगर, पंडित राजेंद्र सिंह चौबे, सुमित सिंह, प्रभात सिंह, राघवेंद्र परिहार, माधव सिंह, ओमप्रकाश, हेमंत सिंह, राधेश्याम सिंह सिमरिया, कुंजन सिंह, कृष्ण गोपाल सिंह उपस्थित थे।




### विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग व प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल एवं एआईसीटीई के तत्वावधान में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 में विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की टीम का ग्रैंड फिनाले के लिए चयन हुआ है । इस टीम में अखलेश अहिरवार, कृष्णा कुमार साहू, ओम कुमार, प्रिंस, शान चौबे एवं रिया झा शामिल हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने इस उपलब्धि पर टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। ज्ञात हो कि स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 में देशभर के विभिन्न संस्थानों के 13,91,884 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से नवाचारपूर्ण समाधान प्रस्तुत करने वाली चुनिंदा टीमों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया है । छात्रों की इस उपलब्धि पर डॉ. अभिषेक बंसल (कोऑर्डिनेटर, प्लेसमेंट एवं स्टार्टअप सेल) एवं डॉ. पी. एस. सिंह सहित संस्थान के शिक्षकगण सतीश चौरसिया, डॉ. बीरेश गुप्ता, डॉ. संध्या पाठक, ऋचा जैन, शिवम भल्ला, शिखर पुरोहित, विवेक भार्गव, आकृति जैन, डॉ. मुनेश्वर, दिलीप पवार, नंदिनी जैन, माधवी कोरी, कमलेश राठौर एवं डॉ. शैरी नाशिर ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### रेलवे स्टेशन के पास निगम की जगह पर बनाई गई दुकान को अतिक्रमण टीम ने मुक्त कराया

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम की भूमि पर किए गए पक्का निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। नगर निगम की भगवानगंज वार्ड में रेलवे रेलवे स्टेशन गेट नं 1 के पास चुंगी की लगभग 1500 वर्गफुट जगह पर पक्का निर्माण कर दुकान संचालित की जा रही थी, जिसको अतिक्रमण टीम द्वारा तोड़ने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण सह प्रभारी कृष्ण कुमार चौरसिया, राजू रैकवार सहित टीम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे ।

### महापौर ने किया आपकी महापौर आपके द्वार और जनचौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का लक्ष्य, महापौर तिवारी ने वृद्ध महिला का मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को महापौर संगीता सुशील तिवारी ने डॉ. हरीसिंह गौर एवं इंद्रानगर वार्ड से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शहर के हर वार्ड तक पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका स्थल पर ही निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आपकी महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से नगर निगम प्रशासन नागरिकों के बीच जाकर संवाद स्थापित करेगा, जिससे योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति आएगी।

महापौर ने बताया कि प्रत्येक बुधवार को वार्डवार इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संबंधित वार्ड के नागरिक सीधे महापौर एवं अधिकारियों से अपनी शिकायतें, सुझाव और आवश्यक मांगें रख सकेंगे। नगर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहकर समस्याओं का त्वरित समाधान करेंगे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों, मजदूरों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नगर निगम भी इसी दिशा में कार्य करते हुए शासन की सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने वार्डों को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नागरिक यदि अपने आस-पास की समस्याओं जैसे सड़क, जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सफाई आदि की सूचना समय पर देंगे तो निगम प्रशासन उन्हें जल्द से जल्द हल करने का प्रयास करेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को कई शिकायतों के मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए तथा कुछ मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जनचैपाल में नागरिकों ने नालियों की सफाई, जल निकासी, पेयजल व्यवस्था, सड़कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट, आवास योजनाओं एवं संपत्ति कर से संबंधित विषयों पर चर्चा की। महापौर ने कहा कि निगम का प्रयास है कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र का संतुलित विकास हो और किसी भी नागरिक को असुविधा का सामना न करना पड़े।



महापौर संगीता सुशील तिवारी ने जनचैपाल के दौरान वृध्द महिला मीरा चंदानी जो कि 70 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उनके घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया। इसके साथ ही संपत्तिकर एवं कचरा बिलों का मौके पर ही सुधार कराया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं संबल कार्ड, वृध्दावस्था पेंशन, पी.एम. स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन पर्ची, जलप्रदाय, लोककर्म विभाग, राजस्व विभाग, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बी.एल.सी.विवाह पंजीयन, अतिक्रमण आदि के आवेदन शिविर में दिये गये। जिनका निराकरण करने के निर्देश महापौर ने संबधित अधिकारियों को दिये। कार्यक्रम में पार्षद शिवशंकर यादव ने महापौर संगीता सुशील तिवारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.सुशील तिवारी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर को लेकर आप की बैठक संपन्न

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी की एक बैठक चुनाव आयोग द्वारा पुनरीक्षण नामावली को लेकर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना है। कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता बनने से ना रह नहीं पाए। उन्होंने जिले की समस्त पदाधिकारी एवं विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में की जान से जुड़ जाए और पार्टी के सभी जागरूक मतदाता के घर जाकर उनसे संपर्क करें और उन्हें वोटर लिस्ट में अपने नाम को जोडने कर और अन्य लोगों को नामावली में जोड़े जाने हेतु जानकारी दें। बैठक में जिला महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश झा, प्रमोद नामदेव, मीना राजा, दोनों विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

### घंटाघर पर महिला से छेड़छाड़, अपमानित किया, केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 9 नवम्बर की शाम करीब 6.30 बजे वह घण्टाघर के पास अपना कार्य कर रही थी। तभी सीतापाठ निवासी शुभम जोशी पुत्र अशोक उसके पास आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर शुभम ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि शुभम ने उसे समाज व रिश्तेदारों में बदनाम करने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शुभम जोशी पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पड़ोसियों ने एकराय होकर किया हमला

**ललितपुर।** नेहरू नगर में मां अहिल्याबाई होल्कर स्कूल के पीछे रहने वाले अजय कीर्ति पुत्र स्व.जगदीश नारायण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 नवम्बर की रात करीब 9.30 बजे पड़ौस में रहने वाले पुष्पेन्द्र यादव, केहर यादव व गोलू यादव पुत्रगण ऊदल सिंह ने एकराय होकर उनकी मां प्रेमलता को गालियां देते हुये लाठियों से मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत पर जा रहे किशोर को पीटा, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम पुराखुर्द निवासी तोरन पुत्र पूरन यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र आसवेन्द्र 10 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे खेत पर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के अमोल पुत्र दयाराम, प्रवीण व महादेव पुत्रगण अमोल लोधी ने एकराय होकर उसके पुत्र को गालियां देते हुये मारपीट की और बचाव करने पहुंचे पीड़ित के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी।

### ठेकेदार की मनमानी से सरकार को पहुंच सकती है राजस्व की हानि, आमजन ने लगाए कई आरोप

# रबर पाथ निर्माण में मानकों की अनदेखी, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**» कम्पनी बाग में बनाये जा रहे दो रबर पाथ, जांच कर कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के मध्य स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) के दो पार्क स्थानों पर किया जा रहा रबर पाथ के निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की किस कदर धज्जियां उड़ायी जा रहीं हैं, इसका जीवन्त उदाहरण कम्पनी बाग में देखा जा सकता है। जिम्मेवारों द्वारा निगरानी न करने और ठेकेदार की मनमानी के चलते किये जा रहे घटिया निर्माण से शासन को राजस्व की बेखौफ होकर हानि पहुंचायी जा रही है। ऐसा ही ताजा मामला कम्पनी बाग में देखने को मिल रहा है। यहां नियमों को ताक पर रखकर कराये जा रहे रबर पाथ निर्माण में मानकों व गुणवत्ता की अनदेखी किये जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। जनहित में यहां आने वाले लोगों ने जिला प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाकर ठेकेदार व कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।



गौरतलब है कि शहर के बीचों-बीच स्थित चन्द्रशेखर आजाद उद्यान पार्क (कम्पनी बाग) में सुबह-शाम घूमने आने वाले लोगों की सेहत सुधारने के लिए पहले से पथ बना हुआ है, जो कि करीब 300 मीटर का है। इसके अलावा एक्यूपंचर पद्धति से भी एक घेरा बना हुआ है, जिसमें लोग सेहत को बेहतर बना रहे हैं। लेकिन इसी बीच योग चबूतरा के पास खाली पड़े पार्क में रबर पाथ का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। इस रबर पाथ के निर्माण को मजबूती से कराये जाने के बजाय कच्ची मिट्टी के ऊपर मानकों की अनदेखी करते हुये सीमेंट, गिट्टी के अलावा निम्न स्तर की डस्ट को डाला जा रहा है, जिससे रबर पाथ की गुणवत्ता कच्ची मिट्टी होने के चलते कुछ ही समय में खराब होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं, जिससे लोगों को रबर पाथ का लाभ नहीं मिल सकेगा और सरकार को भी राजस्व की हानि पहुंचेगी। हालांकि इस सम्बन्ध में जब यहां आने वाले लोगों से पूछा गया तो उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से काम कराया जा रहा है और मानकों की अनदेखी करते हुये गुणवत्ताविहीन रबर पाथ का निर्माण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में लोगों ने जनहित में जिला व नगर पालिका परिषद प्रशासन से सक्षम इंजीनियरों व अधिकारियों से बारीकी निरीक्षण कराते हुये मानकों व गुणवत्ता की जांच करायी जाकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। रबर पाथ निर्माण को अवर अभियंता निधि सिंह को मौके पर भेजकर गुणवत्ता व मानकों की जांच करायी जायेगी। जांच आख्या में जो तथ्य सामने रखे जायेंगे, उसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, ललितपुर

### व्यापारी के अपहरण का प्रयास कर तमंचा दिखाते हुए धमकाने का मामला

# मुठभेड़ में पकड़े थे तीन शातिर अब पुलिस ने एक और बदमाश दबोचा

पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित था

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में विगत दिनों पहले व्यापारी को दुकान छोडने का झांसा देकर अपहरण करने का प्रयास करने, तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। प्रकरण में वांछित चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकडने में सफलता हांसिल की है। गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देश, एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ पाली सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में नाराहट पुलिस ने दर्ज मामला धारा 140 (3), 351 (3) बीएनएस के मामले में मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी अंतर्गत थाना पृथ्वीपुर के मोहल्ला नाले की बस्ती निवासी कल्लू आदिवासी पुत्र बाबूलाल को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों व मौके का गहनता से निरीक्षण उपरान्त सभी टेक्निकली और मैन्यूअल साक्ष्यों के आधार पर चार टीमों का गठन कर जांच की गयी थी। प्रकरण के पटाक्षेप को लेकर अलग-अलग थानों, चौकियों की पुलिस फोर्स के अलावा सर्विलांस और स्वाट टीम भी जुटी हुयी थी।

जल्द खुलासे को लेकर पुलिस ने ललितपुर, टीकमगढ़, सागर, छतरपुर, ओरछा/निवाड़ी व जनपद झांसी के करीब 300 कि.मी. के दायरे में लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिससे संदिग्धों की पहचान करायी गयी। पुलिस के अनुसार अजय, राज व मोनू को इसी प्रकरण को लेकर पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार किया गया था। वांछित आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नाराहट पारूल चंदेल, एसएसआई राजेश कुमार यादव, उ.नि. भूपेन्द्र कुमार, हे.कां. योगेश प्रताप सिंह, कां.विवेक राठौर आदि शामिल रहे।




### देश भर में 78 मतदान केंद्र, ललितपुर में 4 व एमपी में 2 केंद्र बने

# अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा का निर्वाचन 16 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा निर्वाचन आयोग द्वारा महासभा के अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष के एक-एक पद व मंत्री व उपाध्यक्ष के पांच-पांच पदों के लिए आगामी 16 नवम्बर 2025 को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पूरे भारत वर्ष में 78 केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न कराया जा रहा है।

इसी क्रम में ललितुपर का मतदान केन्द्र संख्या 8 तालाबपुरा में मनाया गया है, जहां पर ललितपुर नगर के अतिरिक्त डोंगराखुर्द, धौर्रा, नाराहट, मालथौन व अटा के मतदाता मतदान करेंगे। मतदाता को महासभा का 31 अक्टूबर 2024 के पूर्व का सदस्य होना अनिवार्य है।

मतदाता को परिचय के लिए महासभा द्वारा निर्गत परिचय पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से कोई एक साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा।

### ब्लॉग बनाते में ट्रैक्टर से गिरकर हुई थी युवक की मौत

# सोशल मीडिया ब्लॉगर लोकेन्द्र पर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के लिए तमाम हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं। जिससे कभी-कभी लोगों की जान पर आफत बन आती है। ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है, जिसमें सोशल मीडिया के ब्लॉगर पर एफआईआर दर्ज की गयी है। निकटवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी अनिल पुत्र राजाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई 19 वर्षीय नीलेश पुत्र राजाराम वीडियो बनाने का काम करता था।

बताया कि 10 नवम्बर को ग्राम कल्यानपुरा निवासी लोकेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम राजपूत ने उसके भाई नीलेश को स्टण्ट करते हुये रील बनाने के लिए बुलाया। नीलेश अपने भाई अनिल के साथ मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.बी. 8707 पर सवार होकर कल्यानपुरा गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई नीलेश को लोकेन्द्र सिंह ने अपने ट्रैक्टर जोन्डियर के इंजन के मटघाट की सीट पर बैठाकर तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चला दिया, जिससे उसका भाई नीलेश जमीन पर गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से निकल गया।

वह अपने भाई को उठाकर तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने नीलेश को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। अनिल अहिरवार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने लोकेन्द्र सिंह राजपूत के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जय अंबे रक्तदान समिति लगातार जरूरतमंदों की कर रही है मदद

# मासूम सहित गंभीर बीमार ग्रसित युवक के लिए तीन रक्तवीरों ने किया रक्तदान

▶ प्रभात ने अपने जन्मदिन पर 21वीं बार रक्तदान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर मेडिकल कॉलेज मे भर्ती तीन वर्षीय मासूम बच्चा आशिक कुशवाहा निवासी तालबेहट को अतुल कुमार नरवारे ने दूसरी बार रक्तदान किया। तो वही रमेश रैकवार चैनू पत्रकार आमजन न्यूज़ के परिवार के सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित बंटी रैकवार को आशीष शुक्ला ने रक्तदान किया।

प्रभात चतुर्वेदी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष मे समिति की ओर से 21 वीं बार रक्तदान किया समिति ने प्रभात चतुर्वेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा समिति ने रक्तवीरों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जरूरतमंदों के परिजनों ने रक्तदाताओं सहित जय अंबे रक्तदान समिति का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर समाजसेवी कन्हैया लाल रजक बलराम राज पत्रकार चैनू भाई कोमल कुशवाहा घनश्याम कुशवाहा नरेंद्र सिंह ग्राम दैलवारा विवेक कुमार रजक आदि रहे।

# गुणवत्ता सुधार की संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन

**ललितपुर ।** केपी एस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में डॉ पियाली आचार्य के निर्देशन में शिक्षा में गुणवत्ता सुधार हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न परिवर्तन हुये हैं। उनके आलोक में ही हमें कार्य करना होगा। वर्तमान समय में सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिये अनिवार्य कर दिया गया है।

इसके अन्तर्गत सभी संस्थानों को अपनी गुणवत्ता संबर्धन करने का प्रयास करना होगा। इस संगोष्ठी में शिक्षा के विभिन्न आयामों पर



चर्चा की गयी, एवं आवश्यक दिशा निर्देश और सुझाव दिये गये। इसके साथ-साथ कॉलेज के समस्त प्रवक्ताओं को उनके संकाय अनुसार दायित्त्व निर्धारण किया गया। इस कार्यशाला में डॉ० पियाली आचार्य, डॉ० रवि त्रिपाठी, कॉलेज के प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश एवं समस्त प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। डॉ० पियाली आचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी प्रवक्ता अपने दायित्वों का पूर्णतः पालन करे, एवं पास आउट हुये छात्रों के सम्पर्क में भी रहें। जिससे उनके जूनियर छात्रों को उनसे प्रेरणा मिलती रहे। अन्त में प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने सभी का आभर व्यक्त किया

### कंपनी मालिक ने कर्मचारी, उसके पिता व बहन पर दर्ज कराई एफआईआर

# कंपनी के रुपए गबन का झूठा मुकद्दमा लगाने का आरोप

**ललितपुर।** महानगर झांसी के सीपरी बाजार स्थित 491 आदर्श नगर निवासी राजीव शर्मा पुत्र स्व.प्रकाश शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में राजीव शर्मा ने बताया कि वह जे.एम.के. एसोसिएट्स का स्वामी है और उसकी कम्पनी में ललितपुर रोड महरौनी निवासी रानू झां पुत्र अशोक कलेक्शन एग्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। आरोप है कि रानू झां ने उसकी कम्पनी की राशि 1 लाख 44 हजार 518 रुपये गबन करके भाग गया।

मामले में कार्यवाही करते हुये उन्होंने 11 जून को कोतवाली बुलाया, लेकिन रानू के बजाय उसके पिता अशोक आये। अशोक ने गबन को स्वीकार करते हुये लिखित समझौता किया और 40 हजार रुपये उसी स्थान पर दिये। उक्त पत्र पूरे पैसे लौटाने की बात कही गयी। समय गुजरने पर जब उन्होंने अशोक से सम्पर्क किया तो उन्होंने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। इस सम्बन्ध में उन्होंने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, जिसे संज्ञा लेने पर रानू, अशोक झां व उसकी बहन को ऑफिस में बुलाया।

आरोप है कि रानू, अशोक व उसकी बहन ने साजिशन उस पर झूठा मुकद्दमा दर्ज करा दिया, जिसकी जांच महरौनी थाने में चल रही है। यह भी आरोप है कि रानू अब उसे लगातार धमकियां दिलवा रहा है कि उस पर अब गलत धाराओं में मामला दर्ज करायेगा और जान से मारकर फेंक देंगे। पीड़ित ने बताया कि कम्पनी द्वारा दिये गये दस्तावेज भी रानू के खिलाफ हैं तथा रानू के पिता द्वारा लिखा गया समझौता पत्र भी जांच में शामिल किया है।

### फायर सेफ्टी, फायर फाइटिंग एवं इवैकुएसन प्लान के लिए हुआ अभ्यास

# अग्निशमन विभाग का मेडिकल कॉलेज में मॉकड्रिल हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला महिला चिकित्सालय सम्बद्ध मेडीकल कॉलेज में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल किया गया। लीडिंग फायर मैन राकेश कुमार एवं मदन कुमार ने चिकित्सालय परिसर में उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों, मरीजों तथा तीमारदारों को अग्नि सुरक्षा के नियम बताये तथा किसी भी तरह की आगजनी, शार्टसर्किट व आग लगने की स्थिति में बिना घबराए मरीजों, जान माल को सुरक्षित कैसे किया जाय विस्तार से समझाया।



मेडिकल कालेज अग्नि सुरक्षा प्रभारी अधिकारी डा. ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सालय में पानी की निर्वहन पाइप लाइन की व्यवस्था है साथ ही जगह जगह अग्निशामक (फायरस्टिंगयुशर) रखे हुए हैं। अग्निशमन संयंत्रों की विशेष व्यवस्था है। मेडिकल कॉलेज में किसी भी तरह की आग लगने की स्थिति में मौके पर अग्निशामक ( फायरस्टिंगयुशर) का प्रयोग किस प्रकार करना है यह विस्तार से समझाया। आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने बताया कि जब भी आग लगती है तो धुआं होता है धुएं से दम घुटता है तो अपने पास जो भी कपड़ा हो या रुमाल हो तो उसे गीला करके नाक और मुंह पर मास्क की तरह बांध लें, जिससे धुएं में दम नहीं घुटेगा। प्राचार्य ने बताया की उपलब्ध अग्निशामक अलग-अलग तरह की आग में प्रयोग में लाए जाते हैं जैसे यदि आग शॉर्ट सर्किट से लगी हो तो कभी भी उस पर पानी नहीं डालना चाहिए तथा जिस अग्निशामक में से पाउडर के रूप में आग बुझाने का पदार्थ निकलता है उसका प्रयोग करना चाहिए। इसमें सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, एफएसओ मु.तबारक हुसैन, लीडिंग फायर मैन अखिल कुमार, प्रभारी चालक रामपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दिल्ली में धमाके के बाद हाई अलर्ट

### अंचल में डीएम और एसपी ने दलबल के साथ चलाया सघन चैकिंग अभियान

# रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर की जांच-पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राजधानी दिल्ली कार ब्लास्ट होने के बाद यूपी समेत कई राज्यों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। इसके मद्देनजर देर रात तक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के अलावा भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पहुंच कर गहनता से जांच-पड़ताल की। स्टेशन पर यात्रियों की जांच कर उनके सामान की भी यंत्रों से गहनता पूर्वक जांच की गयी।

हालांकि किसी अधिकारी का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लेकिन प्रशासन व पुलिस महकमे के अचानक चले इस अभियान से कयास पुख्ता हो रहे थे कि दिल्ली कार धमाके के बाद हाई अलर्ट के चलते जांच-पड़ताल की जा रही है।



गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास चलती कार में हुये धमाके के बाद से तमाम चर्चाओं का बाजार तेजी से गर्म हो उठा। ऐतिहातन भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश समेत कई महत्वपूर्ण राज्यों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। हाई अलर्ट घोषित होते ही ललितपुर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, एसपी मो.मुश्ताक दलबल के साथ शहर भर में भीड़भाड़ वाले इलाकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पहुंचे, यहां उन्होंने आने जाने वालों के साथ वहां घूम रहे लोगों से पूछताछ की और उनके सामान की गहनता से जांच-पड़ताल की। रेलवे स्टेशन पर स्पेशल फोर्स के साथ यात्रियों की जांच की गयी। संदिग्ध वस्तुओं की जांच के लिए डिटेक्ट डिवाइस का भी प्रयोग किया गया। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से जांच में सुरक्षा को सर्वोपरि बताया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार, एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

श्योपुर जिला अस्पताल में एक सप्ताह पहले खत्म हो गए टिटनेस के इंजेक्शन

# ये कैसा अस्पताल:मरीजों को खुद बाजार से खरीदकर लाना पड़ रहा इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जहां एक तरफ सरकार जिला अस्पतालों में कई तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ श्योपुर जिला अस्पताल में सरकार के इन दावों की पोल खुल रही है। क्योंकि जिला अस्पताल में मरीजां को डॉक्टरों औ दवाईयों की कमी से परेशान होना पड रहा है। हालात यह है कि जिला अस्पताल में मरीजों को टिटनेस का इंजेक्शन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसकारण मरीजों को यह इंजेक्शन खुद ही बाजार से पैसे खर्च करके लाना पड रहा है। हालांकि यह इंजेक्शन ज्यादा महंगा नही है, मगर जिला अस्पताल में इस इंजेक्शन की उपलब्धता न होने से जहां मरीजों को परेशानी उठानी पड रही है। वहीं सरकारों के स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता के दावों पर सवाल खडे हो रहे है।

दरअसल टिटनेस का इंजेक्शन छोटी बडी चोट या कट लगने पर जरूरी होता है। लेकिन जिला अस्पताल में पिछले करीब एक सप्ताह से टिटनेस के इंजेक्शन खत्म हो गए है। जिनकी उपलब्धता कराने के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बताया गया है कि जब भी कोई मरीज चोटिल हालत में अस्पताल पहुंचते हैं और ओपीडी की पर्ची कटवाकर इमरजेंसी कक्ष में पहुंचते है तो उन्हें वहां स्टाफ के द्वारा जरूरी इलाज की उपलब्धता तो करवा दी जाती है,साथही ये भी कह दिया जाता है कि टिटनेस का इंजेक्शन स्टॉक में नहीं है। इसलिए ये इंजेक्शन बाहर के मेडिकल स्टोर से लेकर आजो। मरीज या उनके अटेंडरों को मजबूरी में जिला अस्पताल के बाहर लगी प्रायवेट मेडिकल स्टोर से टिटनेस का इंजेक्शन खरीदना पड़ता है। फिर अस्पताल में ही डॉक्टर की ओर से उसे लगाया जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह बेहद बुनियादी स्वास्थ्य सेवा है। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाएं और इंजेक्शन हर हाल में उपलब्ध रहनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को इस ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए।




### शाम की ओपीडी में ढूंढे से नहीं मिलते डॉक्टर

जिला अस्पताल में मरीज दवाईयों को लेकर ही परेशान नहीं हो रहे है,बल्कि उन्हें शाम की ओपीडी में डॉक्टर ढूंढे से भी नहीं मिल रहे है। हालांकि जिला अस्पताल में शाम के समय 5 बजे से 6 बजे तक एक घंटे की ओपीडी रहती है। जिसमें सभी डॉक्टरों को विधिवत ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखने का नियम रहता है,लेकिन जिला अस्पताल के कई डॉक्टर शाम की ओपीडी में नहीं आते है। चंद डॉक्टर ही शाम के समय जिला अस्पताल की ओपीडी में बैठे नजर आते है और कई डॉक्टरों की कुर्सियां खाली पडी रहती है।

### हमे बाजार से खरीदकर लाना पड़ा इंजेक्शन

01-सोंईकलां निवासी राकेश गौड के पैर में चोट लगने पर उसके साथी उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उसके साथही विष्णु ने बताया कि जिला अस्पताल में इसका इलाज तो कर दिया,लेकिन हमसे टिटनेस का इंजेक्शन बाजार से लाने कही। जिसके बाद हम अस्पताल के बाहर लगी मेडिकल दुकान से इंजेक्शन लेकर आए।

02 एक आदिवासी बालिका को पैर में चोट लगने पर उसके परिजन उसे गोद में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। मरीज के परिजन ने बताया कि इमरजेंसी कक्ष में मौजूद स्टाफ ने इलाज उपलब्ध तो करवाया,मगर टिटनेस का इंजेक्शन जिला अस्पताल के बाहर लगी प्रायवेट मेडिकल स्टोर से खरीदकर लाना पडा।

### खुजली की टेबलेट और चोट पर लगने वाला ट्यूब भी खत्म

जिला अस्पताल के दवा स्टोर में भी कई दवाईयों की कमी बनी हुई है। मरीजों के साथ आए अटेंडरों ने बताया कि दवा वितरण कक्ष से चोट पर लगने वाला बीटाडीन ट्यूब और खुजली में उपयोग होने वाली गोलियां यह कहते हुए नहीं दी जा रही है कि ये खत्म हो गई है। ऐसे में ये दवाईयां बाजार में लगी प्रायवेट मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड रही है।

### इनका कहना..

टिटनेस इंजेक्शनों की कोई कमी नहीं है। जिला अस्पताल में टिटनेस के इंजेक्शन बाजार से क्यों मंगवाए जा रहे हैं। इसकी जानकारी सिविल सर्जन से लेकर कार्रवाई की जा रही है।

**डॉ डीएस सिकरवार**
**सीएमएचओ,श्योपुर**

श्योपुर के विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला

# मारपीट के दो मामलो में न्यायालय ने आरोपियों को सुनाया छह छह माह का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

अनुसूचित जाति और जन जाति वर्ग के लोगों के साथ मारपीट करने संबंधी दो मामलों में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपियों को छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी है। साथही आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

दोनों मामलो में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि मारपीट का एक मामला तो देहात थाना क्षेत्र का है,जहां 24 जुलाई 2023 को जमीन जोतने संबंधी बात को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति की तीन पिता पुत्रों ने मिलकर जातीय अपमान करते हुए चाकू से मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने शरीफ अंसारी और उसके दो बेटो मुश्ताक और शाकिर निवासी वार्ड क्रमांक 01 श्योपुर के खिलाफ मारपीट और एसटीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहीं दूसरा मामला शहरी क्षेत्र श्योपुर का है। जहां 21 जुलाई 2023 को एक अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला के साथ आरोपी समीर पिता जमील तथा अरबाज पिता जमील निवासी केशवनगर कल्याणपुरम कालोनी के द्वारा टीन हटाने संबंधी बात को लेकर जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। अजाक थाना पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने दोनो मामलों के आरोपियों को छह छह माह के सश्रम कारावास की सजा सुना दी। साथही समीर और जमील पर दो दो हजार का अर्थदंड तथा शरीफ अंसारी व उसके बेटों पर एक एक हजार रूपए का अर्थदंड रोपित किया है।



# जिले के किसानों को 25 तारीख से सिंचाई के लिए मिलेगा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के किसानों को सिंचाई के लिए चंबल दाहिनी मुख्य नहर और आवदा बांध से निकली नहरो के जरिए पानी 25 नवंबर से उपलब्ध हो जाएगा। बैठक में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के किसानों को रबी सीजन की फसलों के लिए उनकी मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी की उपलब्धता कराई जाए।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि चंबल नहर सहित मध्यम सिंचाई परियोजना आवदा बांध एवं लघु सिंचाई परियोजना अंतर्गत कंमाड एरिया के किसानों को टेल पोर्सन तक पानी की उपलब्धता हो यह सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने किसानो से भी अपील की कि नहर एवं माइनर को काटे नही तथा सिस्टम के अनुसार सिंचाई के लिए पानी प्राप्त करें। बैठक में जल संसाधन विभाग श्योपुर के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान ने बताया कि गांधी सागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर, कोटा बैराज बांध पूर्ण क्षमता के साथ भरे हुए है, इससे चंबल दाहिनी मुख्य नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध रहेगा। श्योपुर जिले में इस नहर से 78 हजार 665 हेक्टयर एरिया में सिंचाई होती है, वर्तमान में भिण्ड एवं मुरैना की डिमांड पर कोटा बैराज से पानी छोडा जा रहा है, जो 14 नवंबर को पार्वती एक्वाडेक्ट पर 1500 क्यूसेक मात्रा में मिलेगा। श्योपुर जिले के लिए मांग अनुसार 25 नवंबर तक पानी उपलब्ध होगा। उन्होने बताया कि मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत आवदा कैनाल में भी 25 नवंबर को पानी छोडा जायेगा, वर्तमान में आवदा बांध में 45 एमसीएम पानी पूर्ण क्षमता के साथ भरा हुआ है। इस नहर से 7 हजार 555 हेक्टयर रकबे में सिंचाई होती है, इसी प्रकार जिले में लघु सिंचाई अंतर्गत 19 तालाब है, जिनसे सिंचाई की सुविधा मिलती है, इन तालाबो से 5 हजार 571 हेक्टयर रकबा सिंचित होता है। उन्होने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सिंचाई राजस्व वसूली के संबंध में किसानों को बकाया राशि जमा करने हेतु छूट प्रदान की गई है, इसके तहत 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि जमा की जा सकती है, इसके अंतर्गत एक मुश्त राशि जमा करने पर दण्ड की राशि माफ रहेगी।

रायपुरा में प्राचीन बावडी पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित, सोईकलां में हुआ समापन

# वंदेमातरम गायन के साथ शुरू हुई पदयात्रा, एकता और अखंडता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

बुधवार को श्योपुर जिला मुख्यालय पर सरदार 150 यूनिटी मार्च का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन सपंन्न हुआ, सोईकलां तक 11 किलोमीटर की इस पदयात्रा में बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों, स्कूली विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथ में लिये उत्साहपूर्वक भाग लिया। यूनिटी मार्च का शुभारंभ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्योपुर से हुआ, जहां भारत माता के चित्र सहित लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके उपरांत वंदे मातरम का सस्वर सामुहिक गायन हुआ, इस अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा उपस्थितजनो को एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गई। यात्रा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया, इसके पूर्व कॉलेज परिसर में एक पेड मॉ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं रामलखन नापाखेडली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र जाट, महामंत्री संजय अकोदिया, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी सेसईपुरा, दिनेश दुबोलिया, सरोज तोमर, हरनाथ देवरिया, मोनू सोनी, नेहा कुलश्रेष्ठ, कल्पना राठौर, लवली मीणा, सुमेर जादौन, मनीष नागौरी, जगदीश यादव, मेहरवान सिंह यादव, महावीर मीणा, कौशल शर्मा, विक्की बंसल, सुमित सिंहल, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, माय भारत के अधिकारी आशुतोष साहू सहित अन्य विभागों के अधिकारी, शिक्षकगण, एनसीसी, एनएसएस के छात्र, कॉलेज, स्कूलो के विद्यार्थी आदि मौजूद रहें। पदयात्रा के दौरान रायपुरा की प्राचीन बावडी पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस दौरान बावडी की साफ-सफाई की गई तथा बावडी का अवलोकन किया गया तथा ग्राम पंचायत की ओर से सभी का स्वागत किया गया। पदयात्रा का समापन सोईकलां में समारोहपूर्वक हुआ, समापन समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश की एकता और अखण्डता बनाये रखने के लिए दिये गये योगदान पर विचार व्यक्त किये गये। इसके उपरांत सहभोज के साथ पदयात्रा का समापन संपन्न हुआ। इसके पूर्व यूनिटी मार्च के दौरान सोईकलां तक निकली पदयात्रा का विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों एवं नागरिको द्वारा भव्य स्वागत किया गया।




# पत्नी ने देरी से बनाई चाय तो पति ने कर दी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

चाय बनाने में देरी होने से नाराज पति ने गाली गलौच करते हुए पत्नी की मारपीट कर दी। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र के मोगिया का टपरा गिरधरपुर का है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि मोगिया का टपरा निवासी मीना पत्नी राजेश मोगिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते रोज चाय बनाने में थोडी देरी हो गई। इसी बात पर पति भडक गया और उसने गाली गलौच करते हुए मेरी मारपीट कर दी। पुलिस ने पत्नी की रिपोर्ट पर राजेश के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# हर कदम बेटी के संगः वित्तीय साक्षरता की ओर सामुदायिक अभियान शुरू

**श्योपुर।** रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के माध्यम से श्योपुर जिले के कराहल ब्लॉक स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को "हर कदम बेटी के संगः वित्तीय साक्षरता की ओर!" सामुदायिक अभियान का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बीआरसी कराहल ने करते हुए बालिकाओं को अभियान से जुड़ी जानकारी दी। बीआरसी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, और सभी लिंगों की समान भागीदारी को प्रोत्साहित करना था ताकि वे भविष्य में सशक्त वित्तीय निर्णय ले सकें। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम का संचालन स्वयं बालिकाओं ने किया, जिन्होंने संवादात्मक चर्चा के माध्यम से वित्तीय साक्षरता की बुनियादी अवधारणाओं बचत, बजट, और धन के जिम्मेदार प्रबंधन को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।इस दौरान प्रतिभागियों ने पोस्टरों के माध्यम से सुरक्षित डिजिटल भुगतान, बचत के महत्व, और समझदारी से खर्च करने जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। सीख के साथ खेलः "साँप और सीढ़ी" जैसे मनोरंजक खेलों के माध्यम से छात्रों ने आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझा, जिससे सीखना और भी आनंददायक बन गया।इस अवसर पर रूम टू रीड की ओर से प्रोग्राम सहायक विवेक सिंह परिहार, कंचन जोशी, विद्यालय के शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे सीखी गई वित्तीय जानकारी को अपने परिवार और समुदाय के अन्य सदस्यों तक पहुंचाएंगी, ताकि हर घर में वित्तीय सशक्तिकरण की नींव रखी जा सके। रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह अभियान बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रहा है।

# आज मनेगा गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्मोत्सव, होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

हिन्दी साहित्य के प्रमुख कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार गजानन माधव मुक्तिबोध के जन्मदिवस 13 नवंबर के अवसर पर उनके जन्म स्थान श्योपुर में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रूपेश उपाध्याय ने बताया कि गजानन माधव मुक्तिबोध की जन्मस्थली श्योपुर में उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 13 नवंबर को कृष्णा पैलेस श्योपुर में मुक्तिबोध के काव्य वैभव पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान विशिष्ट व्याख्यान माला, काव्य गायन एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन होगा। प्रातः 10 बजे शुभारंभ सत्र एवं प्रातः 11 बजे व्याख्यान सत्र होंगे। इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे काव्य गायन सत्र का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध गीतकार एवं लोकगायक दतिया विनोद मिश्र सुरमणी द्वारा काव्य गायन किया जायेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ हरि सिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर हिन्दी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही इंक मीडिया पत्रकारिता संस्थान सागर के निदेशक डॉ आशीष द्विवेदी तथा आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर में पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष जयंत तोमर एवं वरिष्ठ कथाकार रामवरन शर्मा मुरैना उपस्थित रहेंगे।

# ट्रांसफार्मर फुंका,तीन दिन से दांतरदा में छाया अंधकार, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दांतरदा के ग्रामीण इन दिनों अंधेरे में रहने को विवश बने हुए है। इसकी वजह यह है कि यहां लगा ट्रांसफार्मर पिछले तीन दिनों से फुंका पडा हुआ है। जिसके बारे में ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराए जाने के बाद बिजली कंपनी के द्वारा बदला नहीं जा रहा है। उधर बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि बकाया बिजली बिलों की राशि जमा करते ही ट्रांसफार्मर को बदल दिया जाएगा।

दांतरदा के ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पहले दांतरदा में लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिसे बिजली कंपनी के द्वारा अभी तक भी बदला नहीं गया है। जबकि इस बारे में बिजली कंपनी के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया है। ट्रांसफार्म के न बदले जाने से जहां पूरे गांव में अंधकार व्याप्त हो गया है। वहीं बिजली आधारित धंधे भी ठप हो गए है। इसके साथही गांव की पेयजल सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में परेशान बने ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से जल्द ही फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाए जाने की मांग की है।

किसानों के धरने को समर्थन देने पहुंचे नागा साधु

# एक पखवाड़ा बीतने पर भी पता नहीं चल रहा कितना मिलेगा किसानों को मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक पखवाड़ा पूर्व बे मौसम बारिश से फसल बर्बादी के बाद जिस तरह राजनेता किसानों को उनकी फसल के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए सक्रिय हुए उससे ऐसा प्रतीत हुआ कि किसानों को बे मौसम बारिश से हुई क्षति की पूर्ति सरकार शीघ्र करा देगी लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे किसानों की सरकार से उम्मीद भी खत्म होती जा रही है। हालांकि किसानों ने फसल मुआवजा को लेकर ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन भी करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया था और कांग्रेस जहां सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रही है वहीं भाजपा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर किसानों को फसल का मुआवजा दिलाने की मांग कर चुके हैं लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी किसानों को फसल के मुआवजा की उम्मीद की किरण दिखाई नहीं दे रही है। उधर किसानों के आंदोलन से सरकार परेशान है, सरकार राजस्व अमले की रिपोर्ट पर नुकसान का आकलन कर राहत देगा अगर राजस्व अमले के आंकलन में नुकसान कम हुआ तो मुआवजा नहीं मिला या उसे हालत में नहीं मिलेगा ऐसी स्थिति में यह विपदा किसानों से अधिक सरकार के लिए अधिक दुखदाई साबित हो सकती है। शायद इसको ध्यान में रखते हुए ही जिला प्रशासन ने जिले में होने वाले धरना प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है लेकिन किसान कांग्रेस और दूसरे किसान संगठन पहले से ही धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं उन्होंने शासन प्रशासन के आदेश की परवाह नहीं कि इस आदेश के बाद किसान कांग्रेस ने जहां मंगलवार को सीप नदी में जल सत्या गृह किया वहीं बुधवार को पटेल चौक पर सरकार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया।



### नागा साधु भी पहुंचे धरने को समर्थन देने

बुधवार को किसान कांग्रेस का धरना पांचवा दिन में प्रवेश कर गया। इस दिन किसान कांग्रेस ने सरकार के सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया और भजन कीर्तन भी किए इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे पर आयोजन की खास बात यह रही की विधायक बाबू जंडेल के अनुरोध पर अयोध्या से कुछ नागा साधु भी धरने को समर्थन देने पहुंचे जिन्होंने भजन कीर्तन में भी भागीदारी की और हवन भी किया नागा साधुओं के किसान समर्थित धरने को समर्थन देने से किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### क्रॉप कटिंग पर नहीं नेताओं को भरोसा

राजस्व विभाग के पास फसल नुकसान का आकलन करने के लिए क्रॉप कटिंग से अच्छी तकनीक है और क्रॉप कटिंग के माध्यम से नुकसान का आकलन राजस्व अमले के साथ-साथ विभिन्न विभाग के अधिकारी भी खेतों में पहुंचकर कर रहे हैं क्रॉप कटिंग के माध्यम से आकलन का काम पूरा हो चुका है लेकिन किसान नेता क्रॉप कटिंग के आधार पर नुकसान का आकलन को मानने को तैयार नहीं है विधायक बाबू जंडेल का कहना है कि पटवारी आरआई और अमला क्रॉप कटिंग में खेत के उस हिस्से का आंकलन कर रहा हैं जहां पर फसल खड़ी हुई है उसके आधार पर वह पूरे खेत में और क्षेत्र में नुकसान का आकलन करते हैं जबकि जहां क्रॉप कटिंग की गई है वहां फसल खड़ी है और दूसरे क्षेत्र में फसल पूरी तरह से डूब बर्बाद हो चुकी है ऐसी स्थिति में किसानों को मुआवजा मिलना संभव नहीं है उनका कहना है कि किसानों को मुआवजा क्रॉप कटिंग से नहीं पूर्ण छती मानकर दिया जाए।

# 27 ग्रामीण युवाओं ने प्राप्त किया असिस्टेंट बुक किपर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) श्योपुर में आयोजित 38 दिवसीय असिस्टेंट बुक किपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। इस प्रशिक्षण में 27 ग्रामीण युवाओं ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण डी.एस.टी. सर्टीफाईड अनमोल यादव के द्वारा दिया गया। जबकि गोडफ्रॉय मार्टिन लकरा निदेशक आरसेटी श्योपुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय ऋण संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की गई।साथ ही बताया गया कि वह किस प्रकार आत्मनिर्भर होकर अपनी आजीविका को विकसित कर सकते है। समापन अवसर पर उपस्थित प्रमोद राय डी.एम.स्किल एस.आर.एल.एम श्योपुर, आकाश यादव व हरेश श्रीवास्तव असेसर, पंकज कानवा,दीपक शर्मा,लेखराज सिंह व ब्रजेश गौड़, तथा आरसेटी श्योपुर का स्टाफ उपस्थित था।



## खबर संक्षेप

### मर्ग की जांच पर अज्ञात बाइक चालक पर मामला दर्ज किया

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम अखाई घाट घुरवार रोड़ पर 16 अक्टूबर को अमरचंद पुत्र मन्नूलाल जाटव उम्र 38 साल निवासी अमरौद सददू की बाईक की टक्कर से मौत हो गई थी। उक्त घटना में पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अपेक्षित रघुवंशी द्वारा की जा रही थी। उक्त जांच के बाद पुलिस ने बाईक क्रमांक एमपी 33 जेडएफ 3014 के अज्ञात चालक पर मामला दर्ज किया है।

### 14 वर्षीय अपहर्ता को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा मात्र 08 घण्टे में अपहर्ता को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 09 नबंवर को शाम 07 बजे ग्राम रामनगर मुंगावली निवासी 14 वर्षीय बालिका बिना बताये कहीं चली गई थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मुंगावली में अप0क्र0 413/25 धारा धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मुंगावली द्वारा अपहर्ता की दस्तयाबी हेतु तत्काल टीम गठित कर रवाना किया।

### पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

# दंबगों ने दंपती के साथ की मारपीट परिवार पलायन को हुआ मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर का एक आदिवासी दपंत्ति परिवार एसपी के यहां शिकायत लेकर पहुंचा जिसमें कहा गया है कि दंबंगों ने एक दपंत्ति के साथ मारपीट की और गर्भवती महिला को भी पीटा गया। दंबंगों के डर से यह आदिवासी परिवार गांव से पलायन कर गया है।

मामले की कहानी यह है कि जिस सरकारी जमीन पर जसमन आदिवासी का परिवार रहता है दबंग उस जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इसी मामले को लेकर दबंगों ने आदिवासी परिवार के साथ मारपीट की। जसमन आदिवासी ने बताया कि जिस सरकारी जमीन पर उनका परिवार रहता है उस जमीन पर केतार सिंह यादव कब्जा करना चाहता है जब हमने विरोध किया तो उन्होंने मुझसे मारपीट की और बाद में जब मुझे बचाने मेरी गर्भवती पत्नी आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। उक्त घटना को लेकर चंदेरी पुलिस ने मामला भी दर्ज किया है लेकिन आरोपी अभी भी गिरफत से बाहर है। आरोपी के डर से यह परिवार गांव में नहीं जा रहा है पूरा परिवार एक साथ एसपी के यहां पर शिकायत करने पहुंचा था।

### मामला बहादुर थाना में दर्ज होने के बाद कोई कारवाही न होने के संबंध में

फरियादी नारान पिता सुखलाल जाति केवट निवासी खोपरा तहसील बहादुरपुर जिला अशोकनगर ने अपने आवेदन में कहा ह कि वह कुकावली में काम कर दीपावली त्यौहार मनाने के लिए गांव खोपरा अपने घर आया था तभी रात करीब 10:15 बजे अशोक केवट पुत्र राम चरण केवट और उनके साथी विशाल केवट मनोज केवट सौरभ केवट रात को उसके घर आए जब हमारी दोनों बच्चिया राजकुमारी और अंजलि घर का काम कर रहीं थीं। तभी उन्होंने ने छेड़खानी की और अशोक ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे उनके माथे में चोट आई और वह बेहोश हो गई। इसके बाद आवाज सुनकर दादी रामबाई आई तब सौरभ केवट ने दादी जी के हाथों में सब्बल से मारा तब दोनों हाथ दादी के टूट गए। उसके बाद दादाजी भी आए दादाजी की दादाजी को कुल्हाड़ी और लाठी मारी। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई लेकिन हमारे अनुसार मामला दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने मांग की है कि घटना के अनुसार मामला दर्ज किया जाए।



### न्यायालय से स्थगन के बाद भी उनके द्वारा बोई गई गेहूं की फसल को हटाया

जनसुनवाई में बृजभान सिह, सरदार सिह पुत्र रघुनाथ सिह, चंद्रपाल सिंह पुत्र जयराम तुलाराम इंन्द्रपाल, सेदपाल पुत्र बुजभान, मलखान सिंह पुत्र गजराज सिंह यादव, कल्यान पुत्र सरदार गोपाल पुत्र सरदार ग्राम बडैरा एवं उसके परिजनो द्वारा आवदेन दिया गया है जिसमें कहा गया है कि न्यायालय से स्थगन होने के वाद आवेदक की भूमी जिसमें गेहू की फसल की बोवनी की जा चुकी थी जिस पर 06 नबंवर को आरोपियों ने हथियारो से लैस होकर व तीन टैक्टर चला कर उनकी बोई गई गेहू की फसल को नष्ट कर दिया व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिस पर कार्यवाही की मांग की गई है।

### 282 आवेदक कलेक्टर के यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे

मंगलवार को जनसुनवाई के आयोजन में 282 आवेदक कलेक्टर के यहां अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। कलेक्टर द्वारा उन्हे समक्ष में समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। आवेदकों में ग्राम मुडिया निवासी सुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा भूमि के कागजात में नाम दर्ज कराए जाने, ग्राम मोहरी निवासी बैजनाथ लोधी द्वारा नामांकन कराए जाने,ग्राम बर्री निवासी रिंकू राजपूत द्वारा पट्टा के पश्चात कब्जा दिलाए जाने, पिपरई निवासी मधु यादव द्वारा आईडी में सहीं नाम दर्ज कराए जाने,वार्ड क्रमांक 8 मुंगावली निवासी रघुवीर सिंह राय द्वारा रास्ता खुलवाए जाने,ग्राम रूसल्ला निवासी राकेश बाई आदिवासी द्वारा राशन कार्ड का कूपन चालू करवाए जाने, ग्राम बरौदिया निवासी संतराम,तूफानसिंह द्वारा भूमि से वृक्षों को काटने तथा रास्ता उपलब्ध कराए जाने,चंदेरी रोड निवासी तिलकसिंह द्वारा जमीन अधिग्रहण की मुआवजा राशि दिलाए जाने,वार्ड क्रमांक 8 मुंगावली निवासी कपूरीबाई द्वारा संबल कार्ड बनवाए जाने, संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### आरोपी के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध

# 41 पेटी देशी व अंग्रेजी शराब सहित बोलेरो जब्त आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड़ के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. करैरा आयुष जाखड़ (आईपीएस) के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को बुधवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो गाड़ी क्रमांक एमपी 04 बीसी 6140 श्री रामराजा धर्मकाँटा के पास खड़ी है, जिसमे शराब भरी हुई है मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के वताये स्थान रामराजा धर्मकाँटा पर पहुंचे तो उक्त बोलेरो गाडी मे एक व्यक्ति ड्राइवर सीट पर बैठा दिखा। जिससे उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र सिहं लोधी पुत्र स्व अतर सिहं लोधी उम्र 23 साल निवासी ग्राम बडौरा स्कूल के पास करैरा थाना करैरा का होना बताया तथा बोलेरो में कागज के गत्ते की पेटियों मे रखे सामान के बारे मे पूछा तो देशी शराव व बियर रखे होना बताया। उक्त पेटिया को खोल कर देखा तो 30 पेटी देशी प्लेन मदिरा की प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल 1500 क्वाटर देशी प्लेन शराव के कुल कीमती 120000 रुपए तथा 4 पेटी बोल्ट कम्पनी की कांच की बोटल मे वियर प्रत्येक पेटी में 12 -12 बोतल कुल 48 बोटल बियर कीमती करीबन 7200 रुपए एवं एक पेटी बोल्ट कम्पनी की बियर केन कुल 24 केन कीमती करीवन 3600 रूपये तथा 3 पेटी लंदन प्लेजनर कम्पनी की वियर कैन कुल 72 केन कीमती करीवन 10800 रूपये एंव 02 पेटी देशी लाल प्लेन मशाला की कुल 100 क्वाटर कीमती करीवन 10000 रूपये 01 पेटी किंगफिसर कैन कुल 24 केन कीमत करीबन 3600 रूपये कुल शराव 355 लीटर कुल कीमती 155000 रूपये की रखी पाया गया आरोपी पुष्पेन्द्र सिहं लोधी से उक्त शराब रखने व परिवहन करने की लायसेंस चाहा गया तो उसने अपने पास कोई लायसेंस नहीं होना बताया। आरोपी के विरुद्ध आबकरी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया है।

### एंबुलेंस में भी उठने लगा धुआं

# हादसाः पिछोर-रन्नौद मार्ग पर ट्रक में लगी आग, बिजली के तारों से टकरा गया था

**पिछोर।** जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब रन्नौद से पिछोर की ओर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही पिछोर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार, ट्रक जैसे ही पिछोर कस्बे से करीब 4 किलोमीटर पहले पिछोर रन्नौद मार्ग सिरसा मंदिर के पास पहुंचा, उसी दौरान दूसरे वाहन को ओवरटेक कराने के प्रयास में ड्राइवर ने ट्रक को सड़क से नीचे उतार लिया। इसी दौरान ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों के तारों से टकरा गया, जिससे केबिन में अचानक आग भड़क उठी। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए चलती गाड़ी से छलांग लगाई





और जान बचाई। देखते ही देखते ट्रक धू-धू कर जलने लगा और मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और पुलिस की मौजूदगी में आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर राख हो चुका था।

इसी दौरान घटना स्थल से करीब ढाई सौ मीटर की दूरी पर एक 108 एंबुलेंस भी खड़ी थी, जो मरीज को छोड़कर पिछोर लौट रही थी। एंबुलेंस चालक और स्टाफ ट्रक में लगी आग देखने पहुंचे थे, तभी एंबुलेंस के इंजन से भी अचानक धुआं उठने लगा। हालांकि मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए आग को फैलने से पहले ही बुझा दिया। दोनों घटनाओं में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक का केबिन पूरी तरह जल गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध रेत खनन करते पोकलेन मशीन सहित डंपर किया जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

शिवपुरी कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार दिनांक 11-11-2025 को तहसील नरवर के ग्राम थरखेडा से प्राप्त अवैध रेत उत्खनन की शिकायतों के आधार पर एवं अनुविभागीय अधिकारी करैरा (राजस्व) अनुराग निंगवाल, एस.डी.ओ.पी. करैरा डॉ आयुष जाखड़, तहसीलदार नरवर संतोष धाकड़, खनिज अधिकारी शिवपुरी एवं खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास, के द्वारा राजस्व, खनिज एवं पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान ग्राम थरखेडा तहसील नरवर मे शिकायती स्थल मौके पर अवैध मिट्टी, रेत का उत्खनन करते हुये एक पोकलेन ए200 एवं एक डम्पर 12 चक्का, एक डम्पर 06 चक्का एवं एक ट्रेक्टर ट्रॉली को अवैध रेत का परिवहन करते हुये पाये जाने से पोकलेन मशीन के मालिक पर अवैध मिट्टी रेत खनिज का उत्खनन का प्रकरण एवं डम्पर एवं ट्रेक्टर ट्रॉली पर अवैध रेत परिवहन के प्रकरण पंजीबद्ध किये जा कर उक्त सभी उत्खनन एवं परिवहन मे संलिप्त वाहनों को पुलिस थाना अमोल पठा की सुरक्षा मे अग्रिम कार्यवाही होने तक रखा गया है। उक्त उत्खनन एवं परिवहन का कार्य ग्राम थरखेडा निवासी छोटे राजा एवं महेन्द्र गुर्जर पुत्र भरोसीलाल गुर्जर एवं धर्मेन्द्र गुर्जर, देवेन्द्र गुर्जर पुत्र मदन सिंह गुर्जर निवासी थरखेडा तहसील नरवर के द्वारा किया जाना पाया गया। कार्यवाही मे रात्रि होने कारण उत्खनित क्षेत्र की माप एवं उत्खनित खनिज की मात्रा का आंकलन करना संभव नहीं हो सका। अतः पुनः मौके पर उपस्थित होकर उत्खनित खनिज की मात्रा का आंकलन कर संबंधितों के विरूद्र प्रकरणों में अर्थदंड की राशि के निर्धारण हेतु प्रकरण कलेक्टर न्यायालय की ओर प्रेषित किए जाएंगे।

### नाली पर नहीं लगाए जाल, वाहन चालक हो रहे परेशान

**शाढौरा।** स्थानीय वार्ड नबंर 13 व 14 के बीच में बनिया कुएं के पास दिल्लू किराना एवं कपील किराना की दुकान के सामने बनाई गई चोडी नाली से लोग परेशान है चोडी नाली होने के चलते रात-बिरात फंस कर बाहन गिर रहे है। वही नगर परिषद की अनदेखी के कारण गली-मोहल्लों की सड़कों पर बनी चैड़ी नालियों से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीन चार महीना पहले सडक निर्माण किया गया था सडक निर्माण के दौरान नाली को सकरा बनाने बजाय लापरवाह पूर्वक चोडा बना दिया गया है जिसमें रात मे नाली में फंस कर रात - बिरात बच्चे व बूडे गिरकर घायल हो रहे हैं।

# ग्राम समोहा में दबंगों ने महुआ का पेड़ काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

थाना क्षेत्र के ग्राम समोहा निवासी सुमित लोधी पुत्र पूरन सिंह लोधी ने थाना प्रभारी करैरा को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि कैलाश लोधी, कल्लन लोधी और आरती लोधी ने उनके खेत सर्वे नंबर 2336 में स्थित लगभग 60 वर्ष पुराने महुआ के हरा पेड़ को अवैध रूप से व्यापारी को बेचकर कटवा दिया और लोडिंग वाहन से महुआ पेड़ के छोटे छोटे टुकड़े करवाकर भरवा दिए हैं( साथ 2394 नंबर पर यही दंबग लोग कब्जा किए हुए जो छोड1 नहीं रहे हैं हमारे द्वारा सीमांकन करा लिया गया है फिर भी नहीं छोड रहे हैं। पीड़ित



का कहना है कि जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। सुमित लोधी ने बताया कि आरोपी सर्वे नंबर 2394 पर अवैध कब्जा कर हड़पने का प्रयास कर रहे हैं पीड़ित ने एसडीएम के यहां जन सुनवाई व पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### 7 घंटे की मशक्कत के बाद उतारा नीचे

# युवक बिजली के टॉवर पर चढ़ा विभाग की अनदेखी से था परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

जिले के भौंती कस्बे में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक बिजली सब स्टेशन के टॉवर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही भौंती थाना पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। बताया गया कि टॉवर पर चढ़ा युवक वीरेंद्र झा निवासी ग्राम पगरा है, जो लंबे समय से बिजली कनेक्शन दिलाने की मांग को लेकर परेशान है। वीरेंद्र पहले वेल्डिंग की दुकान चलाता था और 2020 में उसने जनरेटर से मशीनें चलाना शुरू किया था। इसी दौरान विभागीय अधिकारियों ने उसे बिजली कनेक्शन लेने का दबाव डाला। उसने 8 हजार रुपये जमा कर कनेक्शन के लिए आवेदन किया



था, लेकिन उसे 5 किलोवाट का कनेक्शन आज तक नहीं मिला।

इसके उलट विभाग ने उस पर 13 हजार रुपये की पेनल्टी लगा दी, जिसे वीरेंद्र ने न्यायालय में जमा भी कर दिया। इसके बावजूद जब उसे कनेक्शन नहीं मिला, तो उसने 28 अक्टूबर को भी टॉवर पर चढ़कर विरोध दर्ज कराया था। तब अधिकारियों ने उसे आश्वासन देकर नीचे उतारा था, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह बुधवार को दोबारा टॉवर पर चढ़ गया। मौके पर पहुंची पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारियों ने काफी समझाइश के बाद युवक को नीचे उतारा। अधिकारियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी कनेक्शन फाइल अब ऑनलाइन प्रक्रिया में है और शीघ्र ही उसका समाधान किया जाएगा।

### एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण और तार फेंसिंग हटवाई

# मैदान व पंचायत भवन की भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

ग्राम पंचायत पटसैरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम दुर्गापुर (पिपरौनिया खेड़ा) में मनरेगा योजना से बने खेल मैदान पर गांव के ही धर्मवीर पुत्र मन्नूलाल पाल ने अस्थायी टपरा डालकर पांच बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया था। उसने मैदान की तार फेंसिंग कर मवेशी बांधने तक शुरू कर दिया था। गांव के ही मुकेश पाल ने इस कब्जे की शिकायत एसडीएम पिछोर ममता शाक्य से की थी। कई बार ग्राम पंचायत, तहसीलदार और जिला पंचायत अधिकारी द्वारा चेतावनी व समझाइश देने के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया।

बुधवार को एसडीएम ममता शाक्य ने राजस्व, पुलिस और



पंचायत टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से अवैध निर्माण और तारफेंसिंग हटवाई। एसडीएम ने मौके पर सचिव अजब सिंह लोधी और रोजगार सहायक बृजेश झा को निर्देश दिए कि यदि अतिक्रमणकर्ता दो दिन में मलबा नहीं हटाता तो पंचायत खुद हटाए और खर्च की वसूली अतिक्रमणकर्ता से करें। इसी के साथ ग्राम पंचायत बडैरा में भी प्रशासन ने सख्त एक्शन लिया। हाई स्कूल भवन के सामने शासकीय भूमि पर पंचायत भवन निर्माण रोक रहे राजू पुत्र रामप्रसाद परिहार से जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। एसडीएम ने चेतावनी दी। अगर दोबारा कब्जा करने या निर्माण कार्य रोकने की कोशिश की तो सीधे जेल भेजा जाएगा।

### इनका कहना है

शासकीय संपत्ति पर कब्जा करना कानूनन अपराध है। खेल मैदान, स्कूल और पंचायत भवन जैसी जमीनें जनता की हैं, इन पर निजी उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ममता शाक्य, एसडीएम**